राष्ट्र की सेवा में परमाणु
भौ सं
IOP
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION
भौतिकी संस्थान
Institute of Physics

भौतिकी संस्थान

डाकघर-सैनिक स्कूल, सचिवालय मार्ग,
भुवनेश्वर-751005, ओडिशा, भारत
दूरभाष : +91-674-2306400/444/555
फैक्स : +91-674-2300142
यूआरएल : http://www.iopb.res.in

वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखा विवरण 2022-23

वार्षिक प्रतिवेदन
और
लेखापरीक्षित लेखा विवरण
2022-23

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
भौ सं
IOP
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION



भौतिकी संस्थान
भुवनेश्वर

वार्षिक प्रतिवेदन
और
लेखापरीक्षित लेखा विवरण

2022-23

भौतिकी संस्थान
भुवनेश्वर

भौतिकी संस्थान

सचिवालय मार्ग, डाकघर-सैनिक स्कूल

भुवनेश्वर- 751 005

ओड़िशा, भारत

दूरभाष : +91- 674 - 2306 400 / 444 / 555

फैक्स : +91- 674 - 2300142

यूआरएल : http://www.iopb.res.in

संपादक मंडल

डॉ. देबाशिष चौधूरी

डॉ. कीर्तिमान घोष

डॉ. देबोत्तम दास

डॉ. बासुदेव मोहांति

डॉ. सच्चिन्द्र नाथ षडंगी, रजिस्ट्रार
द्वारा प्रकाशित

सुश्री लिपिका साहु
द्वारा संकलित

श्री भगबान बेहेरा
द्वारा हिंदी अनुवाद

विषय-सूची

संस्थान के बारे में ..... (iv)

शासी परिषद ..... (v)

निदेशक की कलम से ..... (vi)

परमाणु ऊर्जा विभाग का दृष्टिकोण में भौतिकी संस्थान (आईओपी) का योगदान ..... (viii)

भाग I : वार्षिक प्रतिवेदन 1-101

1. शैक्षणिक कार्यक्रम 1-13
2. अनुसंधान 15-44
3. प्रकाशन 45-56
4. अन्य गतिविधियाँ 57-87
5. सुविधाएं 89-94
6. कार्मिक 95-101

भाग II : लेखा परीक्षित लेखा विवरण 103-126

क. लेखापरीक्षक का निष्पक्ष प्रतिवेदन 107

ख. वित्तीय विवरण 110

ग. की गईअनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट 125

संस्थान के बारे में

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) भारत सरकार का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है । इस संस्थान की स्थापना सन् 1972 में ओडिशा सरकार द्वारा की गयी थी और यह संस्थान पऊवि और ओडिशा सरकार से निरन्तर वित्तीय सहायता प्राप्त करती है।

इस संस्थान में, सैद्धांतिक और प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, और स्ट्रिंग सिद्धांत, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, परा-आपेक्षिकीय भारी आयन संघट्टन और खगोल कण, क्वांटम सूचना, और प्रायोगिक उच्च ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी के क्षेत्रों में आकर्षक अनुसंधान कार्यक्रम है। त्वरक सुविधाओं में से ३ एमवी पैलेट्रॉन त्वरक और एक निम्न ऊर्जा रोपण उपकरण उपलब्ध हैं । इन उपकरणों का प्रयोग निम्न ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी, आयन किरणपुंज अंतक्रियायें, पृष्ठीय परिवर्तन एवं विश्लेषण, लेश तात्विक विश्लेषण, वस्तुओं का चरित्र चित्रण एरां रेड़ियोकार्बन काल प्रभावन आदि के अध्ययन होता है । साधारणत : नैनोविज्ञान एवं नैनोप्रौद्योगिकी क्षेत्र और विशेषकर पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय में अध्ययन करने में हमारे संस्थान का स्थान महत्वपूर्ण है । इस संस्थान में नमूनें तैयार करने और नैनोसंरचनाओं के विभिन्न भौतिकी तथा रासायनिकी गुणधर्मो के अध्ययन के लिए संघनित पदार्थ प्रणालियों के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध है। यह संस्थान सर्न (स्विटजरलैंड), बीएनएल (यूएसए), एएनएल (यूएसए), जीएसआई (जर्मनी) स्थित और विदेशों में स्थित अन्य प्रयोगशालाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में सक्रिय रूप से शामिल है । यह संस्थान भारत-आधारित न्यूट्रॉनो प्रयोगशाला कार्यक्रम में भी भाग लेता है ।

यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच. ड़ी. कार्यक्रम चलाता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को संस्थान में एक वर्षीय पाठ्यक्रम कार्य को पूरा करने की आवश्यकता होती है। डॉक्टरॉल कार्यक्रम में प्रवेश का चयन संयुक्त स्क्रीनिंग परीक्षा (जेईएसटी) के माध्यम से होता है । सीएसआईआर-यूजीसी,एनईटी अथवा जीएटीइ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वालों को भी डॉक्टरॉल कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

संस्थान परिसर में ही कर्मचारियों के लिए आवास और अध्येताओं और पोस्ट डॉक्टोराल फेलों के लिए होस्टल की सुविधा उपलब्ध हैं । पोस्ट डॉक्टोराल फेलों के लिए एक मनोहर दक्षता आपार्टमेंट और परिदर्शक वैज्ञानिकों के लिए अतिथि भवन उपलब्ध हैं। परिसर में दोनों इंडोर और आउटडोर खेलकूद सुविधायें उपलब्ध हैं। संस्थान की न्यू होस्टल में एक छोटी से व्यायामशाला भी उपलब्ध है। संस्थान के परिसर में एक सभागार और चिकित्सालय उपलब्ध हैं। यह संस्थान अपना स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 4 सितम्बर को मनाता है।

वर्ष 2022-23 के लिए शासी परिषद के अध्यक्ष और सदस्यगण

1.	डॉ. के. एन. व्यास, अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग और सचिव, भारत सरकार, परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ.शि. म. मार्ग, मुंबई	:	अध्यक्ष
2.	प्रो. के. के. नन्द, निदेशक, भौतिकी संस्थान भुवनेश्वर - 751 005 (16.06.2021 से)	:	सदस्य
3.	प्रो. पिनाकी मजूमदार, निदेशक, हरिश-चंद्र अनुसंधान संस्थान छटनाग रोड़, झुंसी, इलाहाबाद-211019	:	सदस्य
4.	प्रो. गौतम भट्टाचार्या, निदेशक साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान सेक्टर-1, ब्लॉक-ए/एफ, विधान नगर, कोलकात्ता-700064	:	सदस्य
5.	प्रो. सुधाकर पंड, निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान डाक-भिमपुर-पदनपुर, प्रखंड-जटनी, खोरधा- 752050	:	सदस्य
6.	डॉ. शशांक चतुर्वेदी, निदेशक, प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान भट्ट ग्राम, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर-382428	:	सदस्य
7.	श्रीमति सुषमा ताइशेटे, संयुक्त सचिव (अनुसंधान एवं विकास), परमाणु ऊर्जा विभाग अणुशक्ति भवन, छ. शि. म. मार्ग, मुंबई-400001	:	सदस्य
8.	श्रीमति रिचा बागला, भाप्रसे, संयुक्त सचिव (वित्त) परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन छ. शि. म. मार्ग, मुंबई-400 001	:	सदस्य
9.	श्री भाष्कर ज्योति शर्मा, आयुक्त सह सचिव, ओड़िशा सरकार, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, ओड़िशा सचिवालय भुवनेश्वर-751001. (17.09.2022 से)	:	सदस्य
10.	श्री मनोज कुमार मिश्र, आईआरटीएस, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, ओड़िशा सचिवालय, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर- 751001 (01.04.2021 से 16.09.2022 तक)	:	सदस्य
11.	प्रो.सुस्मिता कर, प्रोफेसर सह विभागाध्यक्षा, स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग, श्री रामचंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय, बारिपदा (05.08.2022 से)	:	सदस्य
12.	प्रो. सूर्य नारायण नायक, भौतिक विज्ञान विभाग, संबलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768019 (04.08.2022 तक)	:	सदस्य
13.	प्रो. मानस रंजन पाणिग्राही, भौतिक विज्ञान विभाग, वीर सुरेंद्र साए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीएसएसयूटी), बुर्ला (05.08.2022 से)	:	सदस्य
14.	प्रो. सुकांत कुमार त्रिपाठी, स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग, ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय, भंज विहार, गंजाम-760007 (04.08.2022 तक)	:	सदस्य

शासी परिषद का सचिव

श्री आर.के रथ , रजिस्ट्रार, *(31.07.2022 तक),* **प्रो. पी.के. साहु,** *(01.08.2022 से)*
भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर - 751005

निदेशक की कलम से ...

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर के "वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखा विवरण" आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हमारे शैक्षणिक और शोध प्रयासों के साथ साथ हमारी उपलब्धियों का सारांश इस वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में पा सकते हैं। भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है। यह संस्थान भारत में अग्रणी अनुसंधान संस्थानों में से एक है और दोनों प्रायोगिक और सैद्धांतिक भौतिक विज्ञान में अत्याधुनिक अनुसंधान कार्य करना इसका मिशन है। अत्यधिक विशेष रूप से, यह संस्थान प्रायोगिक और सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी.उच्च ऊर्जा भौतिकी, और सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी पर जोर देता है।

इस वर्ष के दौरान, आईओपी के सदस्यों ने उच्च गुणवत्ता वाली अंतरराष्ट्रीय समकक्ष समीक्षित पत्रिकाओं में **110** शोधपत्र प्रकाशित किया है, जो इनके द्वारा किए जा रहे असाधारण स्तर के शोध को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, आईओपी के सदस्यों ने एलिस और सीएमएस के सहयोग के माध्मय से सामूहिक रूप से **96** शोध पत्र प्रकाशित किए हैं इसके अलावा, संस्थान के सदस्यों ने पुस्तकों के अध्याय, लोकप्रिय लेखों , सम्मेलन की कार्यवाहियों आदि में लेख लिखे हैं।

संस्थान के सदस्यों को कई प्रंशसाएँ प्राप्त हुई हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि संकाय सदस्यगण को विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। शोधछात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सर्वश्रेष्ठ मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए भी पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रोफेसर संजीब कुमार अगरवाला को अब्दुस सलाम इंटरनेशनॉल सेंटर फॉर थ्योरिटिकॉल फिजिक्स (आईसीटीपी), ट्राइस्टे, इटली के एसोसिएट सदस्य और विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय, मैडिसन, यूएसए के माध्यम से विश्व स्तरीय आइसक्यूब न्यूट्रिनो परियोजना की सदस्यता के लिए चुना गया है। डॉ. मणिमाला मित्रा को इंस्टीच्यूट फॉर पार्टिकल फिजिक्स फेनोमेनोलॉजी (आईपीपीपी), दिवावार्ड पुरस्कार से 2022- 2023 के लिए सम्मानित किया गया है। प्रो. तपोब्रत सोम

को आयन के कार्यकाकरी निकाय सदस्य (पूर्वी भारत) के रूप में चुना गया है। प्रो. करुणा कर नंद, निदेशक को आयन बीम सोसाइटी ऑफ इंडिया का सदस्य चुना गया है। प्रो. देबाशीष चौधूरी को जनवरी 2023 से दिसम्बर 2025 तक और तीन वर्षो के लिए आईसीटीएस-टीआईएफआर, बैंगलौर के एसोसीएट के रूप में बने रहने के लिए नामांकित किया गया है। प्रो. अरुण कुमार नायक को आईसीटीएस-टीआईएफआर, बेंगालूर के एसोसीएट के रूप में बने रहने के लिए नामित किया गया है। प्रो. शिखा वर्मा को डॉ. के. सी. पटेल अनुसंधान एवं विकास केंद्र (क्रैडल) के एंडोमेंट चेयर प्रोफेसरए के रूप में चुना गया है । हमारा शोधछात्र सानू वर्गीज को सीएमएस सहयोग द्वारा दो वर्षो के लिए ट्रिगर इवोल्यूशन एंड मॉनिटरिंग (स्टीम) के लिए रणनीति पर समूह के संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है । डॉ. जय मुखर्जी को नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी पर 7वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीओएनएन2023) में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संस्थान ने 4 सितम्बर 2022 को 48वां स्थापना दिवस मनाया जिसमें भाभा परमाणु अनुसंधान के निदेशक प्रो. अजित कुमार मोहांति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और प्रो. एस.बी. कृपानिधि, एमेरिटस प्रोफेसर, आईआईएससी, बैंगालूर ने स्थापना दिवस व्याख्यान प्रदान किया । संस्थान ने आजादी का अमृत महोत्सव और डीएई प्रतिष्ठित सप्ताह मनाया है। विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और जनता के बीच विज्ञान और वैज्ञानिक सोच का संचार करने के लिए स्वच्छ भारत और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए।आईओपी टीम के सदस्यों ने ऐसी गतिविधियों का आयोजन करने के लिए ओड़िशा के विभिन्न जिलों का दौरा किया। इसी प्रकार, संस्थान के अत्याधुनिक उपकरणों पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने अक्सर संस्थान का दौरा किया।रात्रि में दूरबीन से अकाश देखने, लोकप्रिय विज्ञान वार्ता और सामजिक मुद्दों पर वार्तालाप जैसी गतिविधियों भी आयोजित की गई हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए हैं और युवा दिमागों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने के लिए जीवंत प्रयोगों का प्रदर्शन करके राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को "खुले दिन" के रूप में मनाया गया है।

इसके अतिरिक्त, साथ ही सरकार की नीति के क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया है। संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का समारोह और सतर्कता जागरुकता सप्ताह, डीएई प्रतिष्ठित सप्ताह आदि का आयोजित हुआ।

अंत में, मैं इस अवसर पर शासी परिषद के सदस्यों सहित आईओपी समुदाय के सभी हितधारकों को उनके निरंतर समर्थर और सलाह के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं समिति के सदस्यों सहित संस्थान को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के के लिए उनके अथक प्रयास के लिए सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं,जिन्होंने इस वार्षिक रिपोर्ट को ऐसा आकार दिया है। मुझे विश्वास है कि संस्थान ओने वाले वर्षो में दोनों मौलिक और प्रायोगिक भौतिकी अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देना जारी रखेगा ।

करुणा कर नंद

प्रोफेसर करुणा कर नंद
निदेशक, आईओपी

परमाणु ऊर्जा विभाग का दृष्टिकोण में भौतिकी संस्थान (आईओपी) का योगदान

वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 का संक्षिप्त सारांश

भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर देश का एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है, जो दोनों प्रायोगिक और सैद्धांतिक भौतिकी में अग्रणी अनुसंधान में लगा है। प्रमुख अनुसंधान कार्यक्रम हैं सैद्धांतिक और प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक और प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी और सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी। वर्ष 2022-23 के दौरान, लगभग 95 शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय समकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं । वर्ष 2022-23 के दौरान चार शोधछात्रों को पीएच.डी. उपाधि मिली है।

संस्थान का उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह कई क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है-औपचारिक क्षेत्र सिद्धांत, स्ट्रिंग सिद्धांत, भारी आयन संघट्टन, क्यूसीड़ी, विकिरण सुधार, न्यूट्रिनो भौतिकी,बिअंड दॉ स्टांडार्ड मॉडल सिनारिओ एरां उनकी परिघटना, और क्वांटम सूचना। प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह ने कोलाइडर आधारित प्रयोगों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में सक्रिय रुप से शामिल हैं, जैसे सीईआरएन-एलएचसी में सीएमएस और एलिस प्रयोग, आरएचआईसी, बीएनएल (यूएसए) में स्टार प्रयोग, और एफएआईआर, जीएसआई (जर्मनी) में प्रस्तावित सीबीएम प्रयोग । यह समूह सीईआरएन में सीएमएस प्रयोग में ताऊ लेप्टॉन पुनर्निर्माण और पहचान तकनीकों के विकास के साथ साथ हैड्रॉन के पुनर्निर्माण के लिए एल्गोरिदम के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत स्थित न्यूट्रिनो वेधशाला से संबंधित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संघनित पदार्थ सिद्धांत समूह ने उच्च-क्रम वाले टोपोलॉजिकल इंसुलेटर के गैर-संतुलन पहलुओं, मेजराना विधि चलाने वाले उनके अतिचालकन चरणों, उनके थोक सीमा करेसपंडेस, डिराक/वेइ सामग्रियों में क्वांटम परिवहन, मुड बाइलेयर प्रणाली, क्वांटम चुंबकत्व, मजबूत में अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त योगदान दिया है। लिब जालक पर एक बैंड टोपोलॉजिकल इंसुलेटर में सहसंबंध, चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में दृढता से सहसंबंध प्रणालियों में बातचीत और विकार का प्रभाव, क्वांटम चुंबकत्व का पहलू, जीवाणु गुणसूत्रों का संगठन, फंसे हुए सक्रिय ब्राउनियन कणों के लिए सटीक गतिशील क्षण जो फिर से दिखाते हैं- प्रवेशक गैर-संतुलन संक्रमण, सक्रिय साइटोस्केलेटल प्रोटीन के कारण गोलाकार झिल्ली पर गतिशील सोपान निर्माण और चलने वाली तरंगों का उद्भाव ।

सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी समूह ने गुरुत्वाकर्षण तरंग तनाव का अनुमान लगाने के लिए मुख्य रूप से न्यूट्रॉन सितारों की संरचना, विशेष रूप से उनके विलय पर काम किया है। न्यूट्रॉन तारों के दोलन के विभिन्न तरीकों, इसके ठंडा होने और सुपरनोवा और डार्क मैटर प्रभावों को समझने के लिए बहुत काम किया जा रहा है। यह समूह नाभिकीय प्रतिक्रिया गतिशीलता और परिमित नाभिक की विभिन्न विदेशी संरचनाओं का भी अध्ययन कर रहा है।

आईओपी का प्रायोगिक संघनित पदार्थ समूह सक्रिय रूप से अत्याधुनिक अनुसंधान में लगा हुआ है जो मस्तिष्क से प्रेरित कंप्यूटिंग, प्रतिरोधक स्विचन, आयन बीम प्रेतिर स्वत :संगठित सोपान गठन और उनके नौनोस्केल क्रियाशीलता, फोटोवाल्टिक, नैनोवायो ग्लुकोज सेंसिंग और वस्तुओं का आयन-बीम से रुपांतरण, अंतक्रिया प्रणाली और मरकूरी तथा आर्सेनिक जैसे विषाक्त वस्तुओं की अंतक्रिया प्रणालियों को समझने के लिए अर्गानिक एवं डीएनए अवस्तरों, परमाणु व्से निर्मित पतली फिल्मों/विषम संरचनाओं में नवीन इलेक्ट्रौनिक और चुंबकीय परिघटनाएं, थर्मोइलेक्ट्रिक, प्रगत वस्तुओं की इलेक्ट्रनिक वक्र संरचना और ग्राफिन जैसे पतली परमाणु से निर्मित दो स्तरीय वस्तुओं की भौतिक गुणधर्मो को समझना, संक्रमण धातु डाइक्लेजेनाइड्स आदि के अनुसंधान में सक्रिय रूप से जुड़ा है । आईओपी का निम्न ऊर्जा 3एमवी पैलेट्रॉन त्वरक का उपयोग बाहर के विभिन्न शोधकर्ता अपने अनुसंधान के लिए करते हैं।

भौतिकी संस्थान ने सामाजिक विकास के लिए विज्ञान के प्रति अपनी ठोस प्रतिबद्धता सहित 'आउटरीच' बैनर के तहत कई कार्यक्रम शुरु किया है। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने आईओपी सुविधाओं का दौरा किया और वैज्ञानिकों से बातचीत की। संस्थान ने राज्य के दूरदरजा के इलाकों में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में कई आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किया है । यह संस्थान स्कूली बच्चों के लिए नियमित स्काई-वॉच कार्यक्रम आयोजित करता है। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के लिए आम जनता आईओपी की सुविधाओं तक पहुंचने की सुविधा प्रदान करने और जानकारी प्रदान करने के लिए संस्थान ने खुला दिन का आयोजन किया है। संस्थान का राजभाषा कक्ष ने हिंदी दिवस, चार हिंदी कार्यशाला और एक वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया है।

शैक्षणिक कार्यक्रम

1.1 प्री-डॉक्टरॉल कार्यक्रम 3

1.2 डॉक्टरॉल कार्यक्रम 4

1.3 पोस्ट-डॉक्टरॉल कार्यक्रम 4

1.4 प्रस्तुत शोधग्रंथ / मौखिक प्रस्तुति 5

1.5 ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम (एसएसवीपी) 5

1.6 आईओपी द्वारा आयोजित सम्मेलन/कार्यशाला 6

1.7 प्रतिष्ठित फेलो 9

1.8 मान्यता / पुरस्कार/सम्मान/आमंत्रण / आमंत्रित वार्ताएं 10

1.1 प्री.डॉक्टरॉल कार्यक्रम

भौतिक विज्ञान में अनुसंधान करने के लिए युवा छात्रों को प्रशिक्षण देना और मार्गदर्शन करना संस्थान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। वर्ष1975से प्रि-डॉक्टोरल कोर्स (एम. एससी. के बाद) संस्थान का एक नियमित पाठ्यक्रम है जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम है क्योकि एमएस.सी. छात्रों को अनुसंधान गतिविधिँ चलाने के लिए इसकी परिकल्पना की गयी है । प्रगत भौतिक विज्ञान और अनुसंधान प्रविधि में व्यापक प्रशिक्षण दिलाना इसका लक्ष्य है । पाठ्यक्रम योजना इस दृष्टि बनायी गयी है ताकि यह हर एक छात्र को न केवल डॉक्टरॉल रिसर्च में सहायक होगा बल्कि एक अच्छे भौतिक विज्ञान शिक्षक बनने के लिए सहायक होगा । यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच.डी.कार्यक्रम में शोध कार्य करने कमें रुचि रखने वाले छात्रों के चयन के लिए संयुक्त चयन परीक्षा (JEST)को संचालन कराने में शामिल हुआ है । इस संयुक्त परीक्षा और संस्थान में संचालित साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर एक छात्र का अंतिम चयन होता है। इसी वर्ष प्री-डॉक्टरॉल पाठ्यक्रम जनवरी 2022को शुरु हुआ। प्री-डॉक्टरॉल कार्यक्रम पूरा होने के बाद, छात्रों को संस्थान के किसी भी संकाय सदस्य के तत्वावधान में पीएच. डी. के लिए पात्रता मिलती है जो होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) द्वारा प्रदान की जाती है ।

प्रतिभा को पहचानने के लिए, संस्थान ने सबसे उत्कृष्ट प्री-डॉक्टरॉल छात्रों के लिए ललित कुमार पंडा मेमोरियल एंडोमेंट फेलोशिप *(एल.के. पंडा मेमोरियल फेलोशिप)* स्थापित किया है। इस फेलोशिप में पुरस्कार राशि के रूप में रु.5000/- और एक प्रशस्ति पत्र समाहित हैं। अंतिम वर्षमें श्री सायक भोमिक को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

अगस्त 2022 में प्री-डॉक्टरॉल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कुल 72छात्रों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। इसमें शामिल हैं जेइएसटी में उत्तीर्ण, यूजीसी-सीएसआईआर अहर्तकों और वैध जीएटीई स्कोर धारककर्ता शामिल हैं। निम्नलिखित छात्रों ने 2022-2023के लिए डॉक्टरॉल कोर्स वर्क में दाखिले हुए हैं।

1. श्री स्मृति रजन सेनापति
2. सुश्री रूमा खातुन
3. सुश्री मिनाक्षी शुभदर्शिनी
4. श्री राज राजीव उपाद्याय
5. श्री तारकेश्वर मंडल
6. श्री शुभम साहा
7. श्री संभव अंतरिक्ष
8. श्री देबब्रत साहु
9. सुश्री अंमिता घोष

प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और पाठ्यक्रम प्रशिक्षकों का विवरण नीचे दिया गया है-

सेमेस्टर – I

प्रगत क्वांटम मेकानिक्स	:	प्रो. सुदीप्त मुखर्जी
क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत– I	:	डॉ. मणिमाला मित्र
प्रगत प्रायोगिक तकनीकियाँ	:	प्रो. टी. सोम
प्रायोगिक भौतिकी प्रयोगशाला	:	प्रो. सत्यप्रकाश साहु
भौतिक विज्ञान के अनेक अंग	:	प्रो. सप्तर्षि मंडल

सेमेस्टर – II

गाणितिक पद्धतियाँ	:	प्रो. गौतम त्रिपाठी / प्रो. अरुण कुमार नायक
क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत – II	:	प्रो. पंकज अग्रवाल / डॉ. देबोत्तम दास
उच्च ऊर्जा भौतिक विज्ञान	:	डॉ. कीर्तिमान घोष
सांख्यिकीय भौतिक विज्ञान में विशेष विषय	:	प्रो. टी. सोम/प्रो. डी. तोपवाल
संघनित पदार्थ भौतिक विज्ञान में विशेष विषय	:	प्रो. सत्यप्रकाश साहु

पाठ्यक्रम के एक अंश के रूप में, विद्यार्थियों ने संस्थान के संकाय सदस्यों की देखरेख में अंतिम सेमेस्टर में परियोजनाओं पर भी काम किया है।

1.2 डॉक्टरॉल कार्यक्रम

वर्तमान संस्थान में अपने संकाय सदस्यों के निर्देशन में विभिन्न विषयों में 80 शोधार्थी काम कर रहे हैं। सभी शोधार्थी होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई), पऊवि के तहत समकक्ष विश्वविद्यालय में पंजीकृत हैं। प्रत्येक शोधार्थी की प्रगति की समीक्षा प्रतिवर्ष एक समीक्षा समिति द्वारा की जाती है । इस साल जुलाई-अगस्त महीने में समीक्षा की गयी थी।

1.3 पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो

1. डॉ. अभिजित कुमार साहा
2. डॉ. भानु शर्मा
3. डॉ. जय मुखर्जी
4. डॉ. हेमंत कुमार शर्मा
5. डॉ. कौशिक नस्कर
6. डॉ. सागरिका स्वांई
7. डॉ. हनुमा कुमार
8. डॉ. परमिता मैती
9. डॉ. अकवुर मनु
10. डॉ. करन सिंह (17.05.2022 तक)
11. डॉ. अंजन कुमार जेना (25.10.2022 तक)
12. डॉ. आर. भट्टाचार्या (20.04.2022 तक)
13. डॉ. राकेश कुमार साहु (14.12.2022 तक)
14. डॉ. एस.एस. खली (31.01.2023 तक)
15. डॉ.सिद्धार्थ द्विवेदी (08.04.2022 तक)

➢ पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो (प.) एपीइएक्स

1. डॉ. अर्णब चौधूरी (20.08.2022 तक)
2. डॉ. सांतानु दे (31.08.2022 तक)
3. डॉ. पवन कुमार येरा
4. डॉ. कौशिक मंडल
5. डॉ. सुब्रत मंडल (24.01.2022)
6. डॉ. रजनीश कुमार
7. डॉ. दीपक कुमार
8. डॉ. आशिष कुमार
9. डॉ. परमिता मैती
10. डॉ. संगसप्तक दे
11. डॉ. दीपक
12. डॉ. ललित कुमार सैनी
13. डॉ. आशिष
14. डॉ. रमिता सरकार

1.4 (क) शोध-प्रबंध (प्रस्तुत किए गए)

निम्नलिखित शोधार्थियों को होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान द्वारा उनके शोध-प्रबंध प्रस्तुत किए जाने /*मौखिक प्रस्तुति के आधार पर पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गयी है

1. **श्री प्रांजल पांडे**
   शोध-निर्देशक : प्रोफेसर शामिक बनर्जी
   शोध-प्रबंध का विषय :फ्लेट स्पेस होलाग्रापी के पहलूएं"

2. **सुश्री दिलरूबा हसिना**
   शोध-निर्देशक :प्रो. तपोब्रत सोम
   शोध-प्रबंध का विषय : "न्यूरोमरफिक कंप्यूटिंग अनुप्रयोग के लिए TiO_x-नैनोस्केल आधारित मेम्रिस्टिव सिनैप्टिक उपकरण : त्रुटि इंजीनियरिंग की भूमिका "

3. **श्री अलपान दत्ता**
   शोध-निर्देशक :प्रो. तपोब्रत सोम
   शोध-प्रबंध का विषय :"धातु अक्साइड संपर्क-आधारित फोटोवोल्टिक कोशिका से संबंधित पतली फिल्मों के ऑप्टोइलेक्ट्रोनिक ऑप्टिमाइजेशन "

4. **श्री बिस्वजित दास**
   शोध-निर्देशक: प्रो. पंकज अग्रवाल
   शोध-प्रबंध का विषय : "कोलाइडर में विषम हिग्स बोसॉन कपलिंग की जांच करना "

5. **श्री सैयद आशांजुमान**
   शोध-निर्देशक :प्रो. कीर्तिमान घोष
   शोध-प्रबंध का विषय :"एलएचसी में कुछ न्यूट्रिनो द्रव्यमान नमूनें का अवलोकन करना "

6. **श्री हरशि चंद्र दास**
   शोध-निर्देशक :प्रो. सुरेश कुमार पात्र
   शोध-प्रबंध का विषय :"सापेक्षिकीय माध्य क्षेत्र नमूने के भीतर नाभिकीय और न्यूट्रिनो तारक पदार्थ पर डार्क मैटर प्रतिक्रिया के प्रभाव "

7. **श्री अवनिश**
   शोध-निर्देशक :डॉ. कीर्तिमान घोष
   शोध-प्रबंध का विषय :"कोलाइडर परीक्षण में न्यूट्रिनो द्रव्यमान और डार्क मैटर प्रेरित TeV स्केल परिदृश्यों का पता लगाना "

1.4 (ख) शोध-प्रबंध (मैखिक दी गई*)

1. **डॉ. दिव्यज्योति मजूमदार ***
   शोध-निर्देशक :प्रो. गौतम त्रिपाठी
   शोध-प्रबंध का विषय : "पिघलते डीएनए की कठोरता और पतन "

2. **डॉ. अतनु मैती ***
   शोध-निर्देशक :प्रो. सप्तर्षि मंडल
   शोध-प्रबंध का विषय :"होलांडइट जालक में फिशर जालक और स्पिन तरंग विश्लेषण में पारंपरिक क्रम, वीबीएस, क्यूएसएल "

3. **श्री प्रांजल पांडे**
   शोध-निर्देशक :प्रोफेसर शामिक बनर्जी
   शोध-प्रबंध का विषय :"फ्लेट स्पेस होलाग्रापी के पहलूएं"

4. **श्री सैयद आशांजुमान**
   शोध-निर्देशक :प्रो. कीर्तिमान घोष
   शोध-प्रबंध का विषय :"एलएचसी में कुछ न्यूट्रिनो द्रव्यमान नमूनें का अवलोकन करना "

5. **श्री हरशि चंद्र दास**
   शोध-निर्देशक :प्रो. सुरेश कुमार पात्र
   शोध-प्रबंध का विषय : "सापेक्षिकीय माध्य क्षेत्र नमूने के भीतर नाभिकीय और न्यूट्रिनो तारक पदार्थ पर डार्क मैटर प्रतिक्रिया के प्रभाव "

1.5 ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम (एसएसवीपी) :

एसएसवीपी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है युवा छात्रों को अग्रणी

विद्यार्थी का नाम	सेमीनार का विषय	सलाहाकार
सुश्री भाग्य एस बाबु	प्लास्टिक सिंटिलेटर का उपयोग करके ब्रह्मांडकीय किरण का अध्ययन	प्रो. पी.के. साहु
सुश्री ऐश्वर्या रथ	सघनता का व्यावहारिक सिद्धांत	डॉ. अपरजिता मंडल
श्री हर्षल कुलकर्णी	स्व-दोहरी गुरुत्वाकर्षण में सभी प्लस एक लूप आयाम	प्रो. शमिक बनर्जी
श्री ज्ञानरंजन स्वांई	जिंक अक्साइड(ZnO) पतली फिल्मों के वृद्धि और लक्षण वर्णन	प्रो. टी. सोम
श्री सौम्य स्वेता भुजबल	अतिचालकता का परिचय	प्रो. सप्तर्षि मंडल

अनुसंधान क्षेत्रों में प्रेरित करना और उजागर करना, विशेष रूप से संस्थान में अनुसंधान कार्य के क्षेत्रों में । इस साल एसएसवीपी कार्यक्रम 15 मई से 30 जून 2022 तक चला । इस कार्यक्रम में 5 छात्रों ने भाग लिया। सभी परिदर्शन छात्रों को आने जाने का रेल किराया, परिसर में आवास, और मासिक रु.5000.00 छात्रवृत्ति प्रदान किए गए थे। इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक छात्र को संस्थान के किसी संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में काम करना पड़ा। कार्यक्रम के अंत में, छात्रों ने निर्धारित विषयों पर एक सेमीनॉर में अपना काम को प्रस्तुत किया।

1.6 संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन/कार्यशालायें

1. कणिका भौतिकी के मानक नमूनें से आगे पर कार्यशाला (30 अगस्त से 2 सितम्बर 2022 तक)

यह विशेष रूप से सुपरसिमेट्री और बड़े अतिरिक्त आयाम आधारित नमूनें में मानक-मॉडल परिदृश्यों से आगे पर केंद्रित थी। इस बैठक में लगभग 20 व्याख्याता और 40 से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। व्याख्यान के अलावा, भविष्य की संभावित दिशाओं के बारे में गहन चर्चा हुई। यह बैठक हाइब्रिड मोड में हुई और उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह द्वारा आयोजित की गई थी ।

2. प्रो. त्रिलोचन प्रधान की स्मृति में (15 से 16 दिसम्बर 2022)

प्रो. त्रिलोचन प्रधान की विरासत और योगदान को याद करने के लिए एक दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया था। प्रो. त्रिलोचन प्रधान एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण वैज्ञानिक योगदान दिया बल्कि कई संस्थानों को विकसित किया है और पोषण भी किया है । इस बैठक में, कुछ छात्रों और कुछ ऐसे लोगों ने जिनके जीवन पर उनका प्रभाव पड़ा, वैज्ञानिक बातें की गई, श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके साथ अपने प्रेमपूर्ण संबंधों को याद किया गया, लगभग दस वैज्ञानिक वार्ताऐं हुईं और लगभग 15-20सहयोगियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गईं । यह बैठक का आयोजन प्रो. करुणा कर नंद और प्रो. पंकज अग्रवाल ने आयोजित किया था । प्रो. नंद ने घोषण की कि संस्थान के मुख्य व्याख्यान कक्ष का नाम प्रोफेसर त्रिलोचन प्रधान व्याख्यान कक्ष से नामित किया जाएगा ।

3. उच्च ऊर्जा भौतिकी पर अंतरराष्ट्रीय बैठक (आईएमएचइपी) (16 से 22 फरवरी 2023)

एचईपी समूह द्वारा उच्च ऊर्जा भौतिकी पर सप्ताह का सम्मेलन आयोजित किया गया था । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हमारी वर्तमान समझ की स्थिति की समीक्षा करना है। मानक मॉडल भौतिकी से परे और कुछ निश्चितम प्रयास करने के लिए एलएचसी पर अवलोकन की व्याख्यान करना है । विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण समीक्षा वार्ता हुई मानक मॉडल और उससे परे समझ की बात हुई। सम्मेलन वार्ता भी हुई।

कुल मिलाकर पचास नियमित और समीक्षा वार्ता हुई। इसके अलावा, एक पोस्टर सत्र का आयोजन भी हुआ और अनेक समानांतर सत्र का आयोजन भी हुआ । उच्च ऊर्जा भौतिकी के अधिकांश क्षेत्रों को पूरा करने वाले सम्मेलनों की श्रृंखला में यह दूसरा था। वक्ताओं और प्रतिभागियों की संख्या लगभग एक सौ थी।

4. ओप्टोइलेक्ट्रोनिक और नैनो उपकरणों के निम्न-विमीय सामग्रियों में प्रगति (ऐलएमओएनडी-2023)

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा 3-5 मार्च 2023 को ओप्टोइलेक्ट्रोनिक और नैनो-उपकरणों के निम्न-विमीय सामग्रियों में प्रगति (ALMOND 2023) पर प्रथम

राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजित हुआ।प्रो. सत्यप्रकाश साहु इस सम्मेलन के संयोजक थे और प्रो. करुणा कर नंद, निदेशक के मार्गदर्शन में यह सम्मेलन आयोजित हुआ। ALMOND-2023 सम्मेलननिम्न विमीय नये सामग्रियों में वैज्ञानिक प्रगति पर जोर दिया गया था,जिसमें शामिल हैं, 2D सामग्रियाँ, धात्विक अक्साइड, अर्गानिक/ इनअर्गानिक पतिली फिल्में और नैनोवायरों, अत्याधिक इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांगों को पूरा करने के लिए है, विभिन्न अनुसंधान संस्थानों जैसे आईआईएससी, आईआईटी-खड़गपुर, आइजर-टीवीएम, आईजर-भोपाल, नाइजर-यूजीसी-डीएई, आईआईएसटी-इसरो, जेएनसीएएसआर, आईओपी से प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।प्रो. वी. एस. राममूर्ति, प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे।विभिन्न संस्थानों से प्रसिद्ध वैज्ञानिकों/प्रोफेसरों ने प्रायोगिक निष्कर्षो से लेकर सैद्धांतिक पहलूओं तक निम्न-ऊर्जा वाले लघु उपकरणों में उनके अनुप्रयोगों के लिए उन्नत सामग्रियों के विकास से लेकर व्यापक क्षेत्रों पर आमंत्रित व्याख्यान दिए। छात्रों के लिए एक पोस्टर प्रस्तुति सत्र था जो बहुत इंटरैक्टिव था । सम्मेलन को सभी शोधकर्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और यह एक शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ।

1.7 प्रतिष्ठित फेलो

इसकी स्थापना के बाद से, लगभग 50 पचास साल पहले, भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर ने एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल तैयार किया है जो प्रतिष्ठित फेलोशिप धारकों का ध्यान आकर्षित करता है, जो आईओपी को अपने अग्रणी अनुसंधान के लिए एक आदर्शपालन-पोषण संस्थान मानते हैं। आईओपी ने ऐसे चार प्रतिष्ठित फेलों को स्थान दिया है, वे हैं डॉ. **बी.के. पाणिग्राही, डॉ. के. भट्टाचारजी, डॉ. ए. मंडल और डॉ. एस. कोले**।

डॉ. के. भट्टाचारजी का अनुसंधान समूह वर्तमान तीन मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित है- स्ट्रे लाइट अंतरिक्ष अनुप्रयोग में पतली फिल्म कोटिंग के कार्बन नैनोट्यूबस (सीएनटीएस), कॉपर अक्साइडास और कॉपर-ऑक्सिजन सिलिकॉन हाईब्रिड फिल्में के वैद्युतिकी गुणधर्मो की जांच करना, औरWS2 अवस्तरों पर दो विमीय टीन (Sn) के विकास की खोज, और उनकी बैंक संरचना और अवस्थाओं के स्थानीय घनत्व के अध्ययन में लगे हुए हैं। डॉ. कुंतला भट्टाचारजी और उनकी छात्राओं ने एलमुनियम अवस्तरों पर सीएनटीएस और कार्बन नैनोस्क्रोल्स (सीएनएस) का उपयोग करते हुए पतली फिल्में कोटिंग के सृजन करने के लिए कम लागत वाली तकनीकी विकसित किया है, जो दृश्यमान और अवरक्त वर्णक्रमीय श्रेणियों के निकट स्थानों में लगभग का कम परावर्तन प्रदर्शित करता है। यह विकास स्ट्रे प्रकाश नियंत्रण अनुप्रयोग में उच्च अवशोषक कोटिंग्स के लिए महत्वपूर्ण है।Si(111) अवस्तर पर एक मोटी डाइइलेक्ट्रिक पर Cu विकास के अध्ययन में उनका अनुसंधान समूह ने त्रिकोणीय रिक्तियां और द्वीप देखा, एक शून्य भरण तंत्र का संकेत देता है। मुख्य स्तरीय एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एक्सपीएस) परिमापन के माध्यम से, उन्होंने Cu विकसित फिल्म की विभिन्न समन्वय स्थितियों, ऑक्सीकरण संख्या और रासायनिक रचनाओं का अनुमान लगाया। उन्होंने अंतरापृष्ठ पर एक मिश्रित Cu-O-Si मध्यवर्त्ती अवस्था का प्रमाण पाया, Cux+, Ox, और Six+ की नई रासायनिक अवस्थाओं का प्रमाण पाया। यह अत्यधिक उत्प्रेरक मध्यवर्ती अवस्था लगभग 41% की सांद्रता में मौजूद थी। यह समूह अल्ट्राहाई निर्वात् स्थितियों के तहत तापमात्रा कक्ष में WS2 अवस्तरों पर परमाणु Sn के विकास पर भी जोर देते हैं। उन्होंने संस्थान में उपलब्ध स्केनिंग टनेलिंग माइक्रोस्कोपी (एसटीएम), स्केनिंग टनेलिंग स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए और घनत्व कार्यात्मक थियोरी (डीएफटी) अध्ययन करके WS2 और Sn/WS2 सतहों के आकारिकी और स्थानीय इलेक्ट्रोनिक गुणधर्मो की जांच करते हैं।

डॉ. अपराजिता मंडल, डीएसटी-इनस्पायर संकाय फेलो के रूप में सिलिकॉन-आधारित विषमसंधि सौर कक्षों के लिए निष्क्रिय वाहक-चयनात्मक संपर्क विकसित करने पर अपना शोध केंद्रित करती है। उन्होंने उपकरण निर्माण के लिए उपयुक्त वैनेडियम ऑक्साइड (वीओएक्स) पतली फिल्मों में उच्च कार्य फंकशन और ऑप्टिकॉल पारदर्शिता प्राप्त करने के लिए प्रतिक्रियाशील आरएफ स्पटरिंग के मापदंडों को अनुकूलित किया । अनुकूलित वीओएक्स फिलमों ने उत्कृष्ट प्रतिरोधक स्विचन (आरएस) विशेषताओं का प्रदर्शन किया और उल्लेखनीय रूप से कम वोल्टेज पर काम करते हुए न्यूरोमॉर्फिक कार्यात्मकताओं की क्षमता दिखाई गई।ये निष्कर्ष इलेक्ट्रोनिक सिनेप्टिक उपकरणों के लिए फिल्मों की उपयुक्तता पर प्रकाश डालते हैं । इस संबंधित क्षेत्र में, डॉ. अपराजिता मंडल ने इसका विस्तृत अनुकरण किया जिसमें एंटीमॉनी सेलेनाइड(Sb2Se3) और टंगस्टन अक्साइड(WOx) पर आधारित एक विषमसंधि सौर कक्ष में इंटरफेसीयल दोषों की भूमिका का अध्ययन के लिए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयार SCAPS 1-D का इस्तेमाल किया है । सिमुलेशन का उद्देश्य सौर कक्ष के प्रदर्शन पर इंटरफेसिएल दोषों के प्रभाव को समझना था। कुलमिलाकर, डॉ. अपराजिता मंडल के शोध में नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रुप से सौर कोशिकाओं में अनुप्रयोग के लिए धातु अक्साइड की खोज और इलेक्ट्रॉनिक मेमोरी प्रौद्योगिकियों में उनके संभावित उपयोग शामिल है।

डॉ. सोमनाथ कोले, डीएसटी-इनस्पायर संकाय फेलो, कोलाइडल क्वांटम बिंदुओं (सीक्यूडीएस) पर आधारित उपकरणों पर सक्रिय रूप से खोज कर रहे हैं । कोलाइडल क्वांटम बिंदुओं (क्यूसीडीएस) अर्धचालक नैनोक्रिस्टल

(एससीएनसीएस) होते हैं जिसका डायमीटर 2 से 10 एनएम होता है और आवेशों की क्वांटम परिबद्ध के कारण आकार में ट्यून करने योग्य ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक गुण रखते हैं। व्यवस्थित और पूर्व-डिजाइन किए गए इलेक्ट्रॉनिक-फंकशनॉलाइजेशन के माध्यम से इन परिभाषित इलेक्ट्रॉनिक अवस्थाओं को बदलना सीक्यूडी-आधारित उपकरणों को केंद्र बना हुआ है। ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के एससीएनसीएस की अंतिम प्रयोज्यता पर निर्भर करता है (i) उच्च कोटी भवन ब्लॉकस (ii) दो पड़ोसी कणिकायें एक दूसरे से किस प्रकार परस्पर क्रिया करते हैं (iii) उपकरण पहलूओं।

1.8(क) संकाय सदस्यों को प्राप्त पुरस्कार/सम्मान/ मान्यता और बाह् निधि

प्रो. सीखा वर्मा

- एंडोमेंट अध्यक्ष प्रोफेसर, डॉ. के. सी. पटले अनुसंधान और विकास केंद्र (केआरएडीएलई) चारूसट, गुजरात : 2021 से

प्रो. पंकज अग्रवाल

- निधि : डीएसटी वित्तपोषित फोटोनिक उपकरणों के क्लस्टर परियोजना क्वांटम सूचना प्रौद्योगिकी का एक अंश के रूप में काम कर रहा हूं
- *बियंड स्टांडार्ड मॉडल पार्टिकॉल फिजिक्स पर वर्कशॉप*, अगस्त 30 से 2सितम्बर 2022 तक, उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया
- प्रो. त्रिलोचन प्रधान की स्मृति में, 15-16, दिसम्बर 2022 को एक बैठक आयोजित किया .इस बैठक का सह आयोजक थे प्रो.के. नंद
- उच्च ऊर्जा भौतिकी पर अंतरराष्ट्रीय बैठक (आईएमएचइपी-2023) , फरवरी 16-22, 2023आयोजित किया गया. यह बैठक एचईपी समूह सदस्यों के साथ आयोजित की गई

प्रो. एस.के. पात्र

- निधि : न्यूट्रिनो पूर्ण एक्सोटिक न्यूक्लि के संरचनात्मक विशेषतायें (संख्या सीआरजी/2019/002691)
- निधि : न्यूट्रिनो तारक के आंतरिक गठन की खोज करना (संख्या : सीआरजी /2022/005378)
- निधि : भारी आयन उत्प्रेरित प्रतिक्रिया की गतिकी में परमाणु घनत्व सन्निकटन और शेल बंद होने का प्रभाव (58/14/12/2019-बीआरएनएस)
- निधि :प्रभावी क्षेत्र सिद्धांत प्रेरित सापेक्षिकीय माध्य क्षेत्र एप्रोच के अंदर नाभिकीय संरचना और प्रतिक्रिया गतिकी (एफओएसटीईसीटी 2019बी.04)

प्रो. टी. सोम

- निधि : आईओपी के जारी डीएई आपेक्स परियोजना में दो उप-परियोजनायें।
- "इलास्टिक रिकएल डिक्टेशन विश्लेषण" आईआईटी, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित सामग्रियों के लक्षण वर्णन के लिए प्रकीर्णन पद्धतियों (इलेक्ट्रॉन, एक्स-रे और आयन) पर उच्च स्तरीय कार्यशाला (15 जून-2022) ।
- "परमाणु बल सूक्ष्मदर्शिकी : सूक्ष्म से नैनोस्केल विज्ञान के लिए एक अद्भूत उपकरण "एसओए विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित प्रगत सामग्रियाँ और अनुप्रयोग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन" (आईसीएएमए-2022) (15 दिसम्बर 2022) में।
- "परमाणु बल सूक्ष्मदर्शिकी : सूक्ष्म से नैनोस्केल विज्ञान के लिए एक अद्भूत उपकरण "केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित अर्धचालकों सामग्रियों और उपकरणों पर अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद (आईएसएसएमडी-2022)" (१६ दिसम्बर, २०२२) में.
- "यादगार सामग्रियाँ : कई दृष्टिकोण"तोसाली सेंड, पुरी में भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित ऑप्टोइलेक्ट्रोनिक्स और नैनो उपकरणों के निम्न विमीय सामग्रियों में प्रगति (ऐलएमओएनडी2023)

पर राष्ट्रीय सम्मेलन में (5 मार्च2023) ।

- "यादगार सामग्रियाँ : मौलिक से अनुप्रयोग तक – एसआरएम विज्ञान और तकनीकी संस्थान, चैन्नई द्वारा आयोजित नैनोविज्ञान और नैनोप्रौद्योगिकी पर ७वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में (आईसीओएनएन-२०२३) में (मार्च २७, २०२३)
- आईआईटी, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित सामग्रियों के लक्षण वर्णन के लिए प्रकीर्णन पद्धतियों (इलेक्ट्रॉन, एक्स-रे और आयन) पर उच्च स्तरीय कार्यशाला (जून-२०२२) ।
- एसओए विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित प्रगत सामग्रियाँ और अनुप्रयोग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन" (आईसीएएमए-२०२२) (दिसम्बर 2022) में ।
- केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित "अर्धचालकों सामग्रियों और उपकरणों पर अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद (आईएसएसएमडी-2022) " में ।
- "तोसाली सेंड, पुरी में भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित ऑप्टोइलेक्ट्रोनिक्स और नैनो उपकरणों के निम्न विमीय सामग्रियों में प्रगति (ऐलएमओएनडी2023) पर राष्ट्रीय सम्मेलन में (मार्च2023) ।
- "एसआरएम इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी चैन्नई क्षरा आयोजित नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोलोजी पर अंततराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीओएनएन) (मार्च27, 2023) ।

प्रो. पी.के. साहु

- निधि : बीआई/आईएफसीसी, एफएआईआर, जीएसटी, जर्मनी में सीबीएम के लिए बीआई/ आईएफसीसी, डीएसटी परियोजना ।
- वर्तमान 1 अगस्त 2022 से आईओपी के स्थानापन्न रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत ।
- श्री प्रीतम चक्रवर्ती, आईआईटी, मुंबई का पीएच.डी. शोधपत्र का मूल्यांकन (12/2022)।
- श्री विधान खिराली, एनआईटी, जमसेदपुर द्वारा प्रस्तुत पीएच.डी. शोधपत्र का मूल्यांकन। (8/2022)श्री वैद्यनाथ साहु, आईआईटी, मुंबई का पीएच.डी. शोधपत्र का मूल्यांकन (6/2022)फिजिका स्क्रिप्टा के मूल्यांकन के आमंत्रण। (3/2022)।
- समीक्षा के लिए फंड फॉर साइंटिफिक रिसर्च-एफएनआरएस, ब्रुसेल, बेलिजियम, एफ.आर.एस-एफएनआरएस (2/2022)।
- भारत-आलिस स्टार सहयोग ऑनलाइन बैठक 25-28 अप्रैल, 2022 ।
- एससीएस (अ) महाविद्यालय, पुरी में 21 मई2022 को लोकप्रिय वार्ता।
- 1-12, नवम्बर 2022 को आलिस-स्टार स्कूल का आयोजन और उसमें पढ़ाया ।
- मॉडल डिग्री महाविद्यालय, बौद्ध और जेएनवी बौद्ध में 13-14 नवम्बर 2022 को आउटरीच कार्यक्रम।
- ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय और ग्राम- मथुरा, गंजाम में 24-25 दिसम्बर 2022 को आउटरीच कार्यक्रम ।
- सीयूटीएम, बोलांगीर परिसर और सरकारी महिला महाविद्यालय, बलांगरी में 28-29 जनवरी 2023 को आउटरीच कार्यक्रम ।
- जेएनवी, कोणार्क, पुरी में 31 मार्च2023 को आउटरीच कार्यक्रम ।

प्रो. डी. तोपवाल

- निधि : डीएसटी परियोजना : सीआरजी /2020/ 003108
- निधि : यूजीसी-डीएई सीएसआर परियोजना : सीएसआर/2021-22/01/362

प्रो. संजीव कुमार अगरवाला

बाह्य वित्तपोषित परियोजनाएं (भारत और विदेशी प्रायोजक)

- निधि : डीएसटी-एसइआरबी स्वर्णजयंती परियोजना

(एसबी/एसजेएफ/2020-21/21)

परियोजना का शीर्षक : न्यूट्रिनो प्रयोगों में स्टांडार्ड मॉडल भौतिकी केपरे का परिदृश्य

परियोजना की कुल लागत :रु. 1,00,27,040/-।

- विसकनसिन-मैडिसन, मैडिसन, यूएसए विश्वविद्यालय में विशाल न्यूट्रिनो के मौलिक गुणों पर अत्याधुनिक अनुसंधान के लिए प्रतिष्ठित फूलब्राइट-नेहरू एकाडेमिक एंड प्रोफेसनॉल एक्सेलेंसी फेलोशिप (एफएनएपीई) से पुरस्कृत किया गया ।
- विनकनसिन –मैडीसन, मैडीसन, यूएसए विश्वविद्यलाय, भौतिक विज्ञान विभाग के सम्मानित फेलो के नियुक्ति मिली ।
- विसकोसिन-माडिसन विश्वविद्यालय, माडिसन, यूएसए के माध्यम से विश्व स्तरीय आइसक्यूब न्यूट्रिनो परियोजना की पूर्ण सदस्यता ।
- पृथ्वी की मल्टी-मैसेंजर टोमोग्राफी (MMTE 2022) कार्यशाला ।

  मैंने 30 से 31 जुलाई2022 को सल्ट लेक सीटी, उताह, यूएसस में यह कार्यशाला आयोजित किया । इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और इसके भविष्य के विकास पर गहराई से चर्चा करने के लिए न्यूट्रिनो और भूविज्ञान समुदायों के प्रमुख विशेषज्ञों को एक साथ लाना ।

  https://indico.fnal.gov/event/53004/page/2944-multi-messenger-tomography-of-earth-mmte-2022-workshop
- 22 नवम्बर 2022 को जीओन्यूट्रिनो-पृथ्वी का अध्ययन करने के लिए एक नया उपकरण पर लिविया लूधोवा द्वारा ऑनलाइन परिसंवाद संस्थान द्वारा आयोजित ।

प्रो. सप्तर्षि मंडल

- निधि : "प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक अध्ययन के माध्यम से होलांडाइट टाइप Mn-आधारित अक्साइड सामग्रियों में मल्टीफेरोसीटी की खोज एसइआरबी वित्तपोषित परियोजना जारी" फाइल संख्या सीआरजी /2021/006934।

प्रो. अरुण कुमार नायक

- आईएमएचईपी 2023 का आयोजन 16-33 फरवरी 2023 को भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में किया ।

प्रो. देवाशिष चौधूरी

- निधि : परियोजना संख्या एमटीआर/2019/000750 के तहत एसइआरबी मैट्रिक्स (मेथमेटिकॉल रिसर्च इंपाक्ट सेंट्रिक सपोर्ट) अनुदान।
- मुझे जनवरी 2023 से दिसम्बर 2025 तक अधिक तीन सालों के लिए आईसीटीएस-टीआईएफआर, बैंगालूर के एसोसीएट के रूप में जारी रहने के लिए नामित किया गया है ।
- 26 सितम्बर से 7 अक्तूवर 2022 तक सीवाई सेर्गी पेरिस विश्वविद्यालय, पारिस, फ्रांस के परिदर्शन प्रोफेसर के रूप में मुझे आमंत्रित किया गया है । इस सीवाई सेर्गी पारिस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर फेनोडों पेरूनी से सहयोग कार्य के लिए मदद होगा ।
- आईसीटीएस-टीआईएफआर के प्रो. अभिषेक धर के साथ सहयोग जारी रखने के लिए 28 मई से 24 जून 2022 तक संस्थान के एसोसीएट के रप में आईसीटीएस-टीआईएफआर, बेंगालूर का परिदर्शन किया ।
- प्रो. उमा बसु के साथ सहयोगात्मक कार्य आरंभ करने के लए और वार्ता प्रस्तुत करने के लिए 4-6 जुलाई2022 तक एस.एन. बोस गौलिक विज्ञान केंद्र का परिदर्शन किया ।
- प्रो.अभिषेक चौधूरी और प्रो. दिपंजन चक्रार्ती के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान जारी रखने के लिए 6-13 अप्रैल 2022 तक आइसर-मोहाली का परिदर्शन किया ।

- आईसीटीएस-टीआईएफआर, बैंगालूर में "आठवां इंडियन स्टेटिकॉल फिजिक्स समुदाय में सक्रिय स्पेरिकॉल मेम्ब्रांस पर सोपान गठन, स्थानीकरण और रनिंग पल्सन" पर आमंत्रित व्याख्यान प्रदान किया (01 फरवरी 2023) ।
- आईसीटीएस-टीएफआईआर, बैंगालूर में सांख्यिकीय जैविक भौतिकी : एकल अणुओं से कोशिका तक पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मोटर प्रोटीन ड्रिवेन : फिलामेंटस और मेम्ब्रान्स पर आमंत्रित व्याख्यान ।(20 अक्तूवर 2022) ।
- दिनांक 29 सितम्बर 2022 को एलपीटीएम, सीवाई सेर्गी पारिस विश्वविद्यालय, पारिस, फ्रांस में "सक्रिय पदार्थ में स्टोकेस्टिक थर्मोडायनामिक्स और एन्ट्रॉपी उत्पादन" पर आमंत्रित परिसंवाद ।
- 5 अक्तूवर 2022 को एलपीटीएम, सीवाई सेर्गी पारिस विश्वविद्यालय, पारिस, फ्रांस में "सक्रिय कणिकायें : एकल कणिका से सामूहिक गति" पर आमंत्रित व्याख्यान प्रदान किया ।
- 5 जुलाई2022 को "सक्रिय कणिकायें : एकल कणिका से सामूहिक गति" पर एस. एन. बोस मौलिक विज्ञान राष्ट्रीय केंद्र में आमंत्रित व्याख्यान प्रदान किया।
- 7 अप्रैल 2022 को "सक्रिय पदार्थ : दृढता, उतार-चढाव, संरेखण और उलझाव " पर आईजर – मोहाली में आमंत्रित व्याख्यान प्रदान किया ।

प्रो. देबकांत सामल

- निधि : एसइआरबी, भारत (अनुसंधान अनुदान संख्या : सीआरजी /जेडZ019/005144) (जारी)।
- निधि : मैक्स प्लाँक सोसाइटी, जर्मनी द्वारा मैक्स प्लॉक समूह को वित्त पोषित (जारी) ।

डॉ. देवोत्तम दास

- बिएंड दॉ एसएम पार्टिकॉल फिजिक्स पर कार्यशाला आयोजित किया (अगस्त 30 से 2 सितम्बर , 2022) ।
- उच्च ऊर्जा भौतिकी पर अंतरराष्ट्रीय बैठक आयोजित किया (फरवरी 16-22, 2023) ।

डॉ. मणिमाला मित्र

- निधि प्राप्त : भारत-फ्रास सीइएफआईपीआरए परियोजना- 6304-2
- आईओपी, भुवनेश्वर IMHEP-II 2023 का आयोजन किया

डॉ. कीर्तिमान घोष

- एक्सट्रा विमीय मॉडल की विशिष्ट नई प्रजातियों के सैद्धांतिक अनुसंधान और विकास के लिए विज्ञान और अभियांत्रिक अनुसंधान बोर्ड (एसइआरबी) द्वारा वित्त पोषित एमएटीआरआईसीएस (मैथमेटिकॉल रिसर्च इंपाक्ट सेंट्रिक सपोर्ट) अनुदान[एमटीआर/2022/000989]।

1.8 (ख) शोधार्थियों को प्राप्त पुरस्कार/सम्मान/मान्यताएं

- सनु वर्गीज (छात्र) दो वर्षों के लिए (सितम्बर 2022 से अगस्त 2024 तक) सीएमएस सहयोग द्वारा स्ट्रेटेजी फॉर ट्रिगर इरोल्यूशन एंड मॉनिटरिंग (एसटीइएएम) पर समूह के संयोजक के रुप में नियुक्त किया गया । इस संयोजक का स्थान सीएमएस ट्रीगर समन्वयन के तहत लेबल-2 पर है ।
- एसआरएम इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चैन्नई द्वारात आयोजित 7वां नैनोविज्ञान और नैनोप्रौद्योगिकी (ICONN2023) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हमारे समूह के पीडीएपफ (संस्थान पीडीएफ) डॉ. जय मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किया गया (27, मार्च2023)

●●●

अनुसंधान

2.1 सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी 17

2.2 सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी 25

2.3 प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी 26

2.4 क्वांटम सूचना 29

2.5 प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी 30

2.6 सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी 39

2.7 दीर्घकालिक आगंतुकों का अनुसंधान में योगदान 43

2.1. सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी

(ए. एम. श्रीवास्तव, पी.अग्रवाल, एस. मुखर्जी, एस.के. अगरवाला, एस. बनर्जी, डी. दास, एम. मित्र, के. घोष)

भौतिकी संस्थान (आईओपी) में सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह *(THEP@IoP)* के संकाय सदस्यगण स्ट्रिंग सिद्धांत, ब्रह्मांडविज्ञान, खगोलभौतिक विज्ञान, क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा, सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव, न्यूट्रिनो दोलन, और डार्क मैटर प्रयोग और अंतिम है किंतु कम नहीं, चल रहा लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) और प्रस्तावित इलेक्ट्रॉन-पोजिट्रॉन परीक्षणों के संदर्भ में मानक मॉडल परिदृश्य के परे भिन्न भिन्न कोलाइड़र परिघटना जैसे अत्याधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में काम कर रहे हैं । शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के दौरान सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह *(THEP@IoP)* का महत्वपूर्ण अनुसंधान परिणाम निम्नलिखित हैं।

प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने जडत्व के पल्सर क्षण पर प्रावस्था संक्रमण प्रेरित घनत्व उच्चावचनों से स्पंदों के संशोधन का अध्ययन किया है । उन्होंने कणक्षेपित स्पंदों में विशिष्ट सोपानों को दिखाया है, जिसे अधिक समयावधि में स्पंदों के मॉडयूलेशन में देखा जा सकता है। इसके अलावा, प्रो. श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने इलेक्ट्रौनों के हाईड्रोडायनामिक प्रवाह में ध्वनिक ब्लैक होल से विकिरण हाकिंग का अध्ययन किया है। उन्होंने दिखाया कि हॉकिंग विकिरण को वर्तमान उत्तार-चढ़ाव के संदर्भ में देखा जा सकता है। प्रो.श्रीवास्तव ने तरल क्रिस्टल प्रयोगशाला में तरल क्रिस्टल ढांचाओं का उपयोग करते हुए रोगाणुओं के आकार की जांच के काम में भाग लिया है।

प्रो. पंकज अग्रवाल अपने शोधार्थियों के साथ, वेक्टर बोसॉनों (वी) या तो डब्ल्यू अथवा जेड बोसॉन में हिग्गस बोसॉन (एच) के क्षय में इलेक्ट्रोवीक सुधारों से संबंधित परिकलन किया है । इस जटिल प्रक्रिया में वीवीएचएच युग्मन की विशेषता वाले एक लूप आरेश शामिल हैं। परिणामस्वरुप, यह क्षय प्रक्रिया इस युग्मन पर अवरोध स्थापित करने का अवसर प्रस्तुत करती है। इस टीम ने एचएचएच और वीवीएचएच युग्मन में परिवर्तन से उत्पन्न प्रभावों का गहन विश्लेषण किया, मुख्य रूप से क्षय चौड़ाई पर ऐसे संशोधनों के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया।

प्रो. सुदीप्त मुखर्जी ने शंक्वाकार दोष के साथ समय-निर्भर पृष्ठभूमि पर विद्यमान क्षेत्र सिद्धांत का विश्लेषण करने के लिए होलोग्राफी को नियोजित करके एक अभूतपूर्व अन्वेषण शुरु किया । केंद्र बिंदु मिल्ने स्पेसटाइम था, जिसमें मिल्ने निर्वात को रुदोष्म द्वारा दर्शाया गया था। इस संदर्भ में, शोधकर्ताटों ने ऑपरेटरों को दो बिंदु सहसंबंधकों की सफलतापूर्वक गणना की , जो शंक्वाकार दोष के *AdS*-मिल्ने बल्क पृष्ठभूमि के भीतर बड़े पैमाने पर स्केलॉर के अनुरूप हैं । एक अलग शोध प्रयास में, प्रोफेसर मुखर्जी और उनके सहयोगियों ने एढीएस-स्पेस के भीतर ब्लैक होल के लिए हॉकिंग-पेज संक्रमण बिंदु के टोपौलॉजिकल आवेश को शामिल करते हुए एक गणना की। उनके दृष्टिकोण में ऑफ-शेल मुक्त ऊर्जा निर्धारित करने के लिए ब्रैग-विलियम्स निर्माण का उपयोग शामिल था।

प्रो. एस.के. अगरवाला और उनके सहयोगियों की एक टीम ने डीप अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो एक्सपेरिमेंट (डीयूएनइ) की क्षमताओं के संबंध में एक व्यापक जांच की । उनके शोध ने दूसरी-तीसरी (23) पीढ़ी की न्यूट्रिनो में अधिकतम मिश्रण से विचलन का पता लगाने की क्षमता और ऑक्टेंट निर्धारित करने की क्षमता का पता लगाया। यह विश्लेषण वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों की दृष्टि से किया गया था। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने आगामी लंबे-बेसलाइन प्रयोगों विशेष रुप से डीयूएनइ और *T2HKK/JD+KD* परीक्षण के संदर्भ में संभावित गैर-एकात्मक न्यूट्रिनो मिश्रण (एनयूएनएम) के निहितार्थ का पता लगाया। उत्तरार्ध में जापान *(T2HK/JD)* में स्थित एक डिक्टेटर और कोरिया *(KD)* में स्थित दूसरे डिटेक्टर के साथ एक कॉन्फिगरेशन शामिल है। इस कार्य का उद्देश्य अगली पीढ़ी के प्रयोगों के परिणामों पर एनयूएनएम के प्रभाव का आकलन करना था। उन्होंने विभिन्न एनयूएनएम मापदंडों पर प्रत्यक्ष, मॉडल-स्वतंत्र और प्रतिस्पर्धा बाधाओं को रखने के लिए इन सेटअपों की संवेदनशीलता का अनुमान लगाया ।

डॉ. देबोत्तम दास और उनके सहयोगियों ने कण भौतिकी के मानक मॉडल से परे कुछ अवलोकनों की गणना की है, जहां विकिरण संबंधी सुधारों का महत्व एलएचसी पर नए भौतिकी चिह्नों की पहचान करने में मदद कर सकता है

। जबकि ग्लूऑन- आरंभित प्रक्रियाओं को पारंपरिक रूप से एलएचसी प्रयोग में डि-हिग्स उत्पादन का प्राथमिक स्रोत माना जाता है। इस समूह ने दिखाया है कि प्रकाश-क्वार्क आरंभित प्रक्रियाएं भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।इस टीम ने क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत के संदर्भ में दो-लूप करेक्सन की गणना करने के लिए एक तकनीकी भी विकसित की है। एक निश्चित उदाहरण में, एक छोटे अग्रणी क्रम परिणाम के साथ एसएम सिंगलेट स्केलर पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन्होंने एलएचसी पर ऐसे स्केलर का उत्पादन करने के लिए प्रमुख नेक्श-टू-लिडिंग (एनएलओ) ऑर्डर करेक्सन की गणना की है । इसके अलावा, चल रही सहयोग में, डॉ. दास और उनके सहयोगियों स्टांडार्ड मॉडल में जेड-बोसॉन के दुर्लभ क्षय पर काम कर रहे हैं।

डॉ. मणिमाला मित्रा ने अनुसंधान के दो पारस्परिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : डार्क मैटर और कोलाइडर परिघटना । साथी शोधकर्ताओं के साथ सहयोग करते हुए, डॉ. मित्रा ने डार्क मैटर परिघटना विज्ञान की पेचीदगियों से अवगत कराया, विशेष रूप से, विकली इंटरएक्टिंग मैसिव पार्टिकल्स (डब्ल्यूआईएमपीएस) और फिबली इंटरएक्टिव मेसिव पाटिकल्स (एफआईएमपीएस) पर विशेष रूप से जोर देते । उनके समूह के काम में तीन ट्रिपलेट फर्मियॉन, एकल ट्रिपलेट स्कॉलर और एक एकल फर्मिऑन को शामिल करके स्टांडार्ड के विस्तार शामिल हैं। इस विस्तारित मॉडल में न्यूट्रिनो द्रव्यमान और डार्क मैटर का एक साथ हिसाब में लाने की क्षमता है । इसके अलावा, अनुसंधानकर्ताओं ने त्रिक के भीतर सबसे हल्के से अगले कण के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना पर भी गौर किया है। इस पहलू ने प्रस्तावित *MATHUSLA* डिटेक्टर का उपयोग करके इस कण की जांच के रास्ते खोल दिए। डॉ. मित्रा और उनके सहयोगियों के संयुक्त प्रयास दोनों डार्क मैटर और कोलाइडर भौतिकी के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे इन दो आकर्षक क्षेत्रों के बीच संभावित पूरकता का पता चला।

डॉ. कीर्तिमान घोष और उनके अनुसंधान समूह बियंड स्टांडार्ड मॉडल (बीएसएम) परिदृश्यों की उल्लेखनीय प्रकृति की खोज के लिए समर्पित हैं। उनका प्राथमिक मिशन विभिन्न बीएसएम परिदृश्यों को समझना, विशेष रुप से कोलाइडर परीक्षणों के संदर्भ के साथ साथ अन्य प्रायोगिक क्षेत्रों जिसमें शामिल हैं न्यूट्रिनो प्रकीर्णन और दोलन, डार्क मैटर की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संसूचन और लेप्टॉन फ्लेवर उल्लंघन आदि पर केंद्रित है। उनके काम का मुख्य फोकस इन विविध प्रयोगात्मक दृष्टिकोणों के बीच अंतर्संबंध और पारस्परिक लाभों को समझना है। डॉ. घोष का समूह ने बीएसएम भौतिकी के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन परिदृश्यों में बड़े गेज मल्टीप्लेटस के भीतर विदेशी लेप्टान का समावेश शामिल हैं- ट्रिपलेट लाइक हिग्स बोसॉनों की जांच, स्कॉलार लेप्टोक्वार्क का विश्लेषण, और डबल आवेशित हिग्स बोसॉनों की खोज ।

प्रो. ए.एम. श्रीवास्तव समूह का अनुसंधान में योगदान

1. (क) एक पल्सर में घनत्व के उतार-चढ़ाव की जांच के रूप में पल्स प्रोफाइल का मॉड्यूलेशन

(पार्थ बागची, विश्वनाथ लायक, अंजिशु सरकार, और ए. एम. श्रीवास्तव)

हम एक साधारण मॉडल का उपयोग करके पल्सर के जड़त्व क्षण पर संक्रमण प्रेरित घनत्व के उतार-चढ़ाव के प्रभाव से उत्पन्न होने वाले पल्सर से पल्सर के विस्तृत सुधार की गणना करते हैं, जहां पल्सर के जड़त्व टेंसर के प्रारंभिक क्षण को इसके अवयव प्रत्येक के लिए यादृच्छिक अतिरिक्त योगदान प्राप्त करने के लिए माना जाता है, जिन्हें घनत्व में उतार-चढ़ाव की ताकत की विशेषता बताने वाली निश्चित चौड़ाई के साथ गॉसियन वितरित माना जाता है। चल रहे काम में, हम इस तकनीकी का उपयोग उस स्थिति के लिए करते हैं जब कोई छोटा ग्रह पल्सर से टकराता है। ऐसी टक्करों को कुछ गामा किरण विस्फोटों की व्याख्या के रूप में प्रस्तावित किया गया है। हमारा प्रस्ताव है कि किसी को ऐसे गामा किरण विस्फोटों का सहसंबंध में पल्स संशोधनों की तलाश करनी चाहिए।

(ख) इलेक्ट्रॉनों के हाइड्रोडायनामिक प्रवाह में ध्वनिक ब्लैक होल से हॉकिंग विकिरण

(श्रेयांश दावे, ओंड्रिला गांगूली, सौम्या पी.एस., और अजित एम.श्रीवास्तव)

ध्वनिक ब्लैक होल तब बनते हैं जब सबसोनिक वेग के साथ बहने वाला कोई तरल पदार्थ तेज हो जाता है और

सुपरसोनिक हो जाता है। वह सतह जिस पर द्रव वेग का सामान्य घटक ध्वनि की स्थानीय गति के बराबर होता है, ध्वनिक क्षितिज के रूप में कार्य करत है। हम इलेक्ट्रॉनों के हाइड्रोडायनामिक प्रवाह में इस संभावना की जांच करते हैं। इस मामले में परिणामी हॉकिंग विकिरण को वर्तमान उतार-चढाव के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। इसके अलावा, ध्वनिक क्षितिज के दोनों किनारों पर वर्तमान उतार-चढ़ाव को हॉकिंग कणों के जोड़े के लिए अपेक्षित सहसंबंध दिखाना चाहिए। इस चल रहे कार्य में, हम ध्वनि क्षितिज के दोनों किनारों पर परिणामी विद्युतधारा- विद्युतधारा सहसंबंधों की गणना कर रहे हैं जैसा कि दोनों सहसंबंध हॉकिंग कण से अपेक्षित हैं।

(ग) द्रव क्रिस्टल बनावट का उपयोग करके रोगाणुओं की आकृतियों की जांच करना

(अजित मोहन श्रीवास्तव)

ऑप्टिकॉल माइक्रोस्कोप में क्रॉस-पोलराइजर सेट-अप का उपयोग करके नेमैटिक लिक्विड क्रिस्टल में टोपोलॉजिकल दोषों की नियमित जांच की जाती है। टोपोलॉजी के विशिष्ट चिह्न और दोष की संरचना, टोपालॉजिकल दोषों के मूल से निकलने वाले गहरे ब्रश की संरचना में निहित है।

हम यह दिखाने के लिए संख्यात्मक सिमुलेशन करते हैं कि इस संपत्ति का उपयोग नेमैटिक लिक्विड क्रिस्टल (एनएलसी) नमूने में एम्बेडेड रोगाणुओं के आकार की पहचान के लिए किया जा सकता है । इस चल रहे काम में, हम लिक्विड़ क्रिस्टल लैब में नैनोरोड्स और नैनोडॉटस (बैक्टीरिया और वायरस के बेलनाकार और गोलाकार आकार का प्रतिनिधित्व) के उपयोग करके इन अवधारणाओं के प्रयोगात्मक सत्यापन पर काम कर रहे हैं।

(घ) सापेक्षिकीय क्यूजीपी प्रवाह, हॉकिंग विकिरण और गैर-स्थिर ब्लैक होल क्षितिज

(ओंड्रिला गांगूली, सौम्या पी.एस. और अजित मोहन श्रीवास्तव)

सापेक्षिकीय भारी-आयन टकरावों में ध्वनिक ब्लैक होल से हॉकिंग विकिरण पर हमारे पहले के काम ने गैर-सापेक्षिकीय क्यूजीपी प्रवाह वेगों को उच्च बैरियन घनत्व क्यूजीपी के लिए उपयुक्त माना, जो भारी-आयन टकरावों में बनने की उम्मीद हैं। वर्तमान के कार्य में हम इसे एलएचसी ऊर्जा के लिए उपयुक्त अल्ट्रा-सापेक्षकीय द्रव प्रवाह मामले तक विस्तारित कर रहे हैं। इससे ध्वनिक ब्लैक होल का गैर-स्थिर घटना क्षितिज बनता है और उससे जुड़े वैचारिक मुद्दों को संभालना पड़ता है। यह कार्य प्रगति पर है।

(ड.) क्यूसीडी, गुरुत्वाकर्षणीय तरंग और पल्सर

(पार्थ बागची, ओंड्रिला गांगूली, विश्वनाथ लायके, अंजिशु सरकार और अजित मोहन श्रीवास्तव) मॉर्डन फिजिक्स लैटरस ए के लिए आंमत्रित समीक्षा लेख

यह समीक्षा पल्सर समय के अवलोकन की अत्यधिक सटीकता से संबंधित पल्सर के विशिष्ट पहलुओं पर चर्चा करती है जो पल्सर कॉन्फिगरेशन के किसी भी सूक्ष्म विरुपण की बहुत संवेदनशील जांच प्रदान करती है। विशेष रुप से, भौतिकी के प्रकार पर जोर दिया जाएगा जिसे पल्स गुणों पर पल्सर के एमआई टेंसर में परिवर्तन के प्रभाव का उपयोग करके जांच की जा सकती है, जैसे कि बाहरी क्यूसीडी चरणों में चरण संक्रमण के साथ-साथ गुरुत्वाकर्षण तरंगों के वेबर संसूचकों के रूप में पल्सर का उपयोग करने की संभावना है।

प्रो. पंकज अग्रवाल समूह का अनुसंधान में योगदान

→2. (क) 1 . H →V V चार लेप्टानों में इलेक्ट्रोवीक का संशोधन

(बिस्वजित दास सहित पंकज अग्रवाल)

हमने H VV की अवक्षय प्रक्रिया की इलेक्ट्रोवीक संशोधन की गणना की है, जहां वी बोसॉन एक डब्ल्यू अथवा जेड हो सकता है। यहां सादिश बोसॉन का अवक्षय चार न्यूट्रिनो अथवा चार आवेशित लेप्टानों में हो सकता है। एकल लूप डायग्रामों में V V HH युग्मन होते हैं । इसलिए, इस प्रक्रिया का उपयोग इस युग्मन पर रोक लगाने के लिए किया जा सकता है । बड़ी संख्या में जटिल रेखाचित्र होते हैं । न्यूटिनों और आवेशित लेप्टानों के क्षेत्र में, किसी को पुर्नसामान्यिकरण करना होगा, तो आवेशित लेप्टानों के क्षेत्र में, अवरक्त अपसरण में अतिरिक्त जटिलता होती है। इस गणना के लिए संस्थान में कोड़ को विकसित किया गया है। हमने चौड़ाई क्षय पर एचएचएच और वी वी एचएच युग्मन को परिवर्धित करके इसके प्रभाव का अध्ययन किया है। इससे इन कपलिंगों को निर्धारित करने में मदद मिल सकती है। हमने एचएचएच युग्मन पर महत्वपूर्ण

निर्भरता पाई है, जबकि वी वी एचएच कपलिंग पर निर्भरता काफी कम है।

(ख) अनुमानित अनिश्चितता संबंध

